भारत सरकार
सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 309
05.02.2024 को उत्तर देने के लिए

बेरोजगारी दर

309. श्रीमती फूलो देवी नेतम:

क्या सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं और पुरुषों सहित बेरोजगारी की राज्य-वार दर कितनी-कितनी है;

(ख) शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी दर के कारणों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) बेरोजगारी दर के कारणों का संगठित और असंगठित क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), योजना मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय राज्य मंत्री [राव इंद्रजीत सिंह]

(क) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ), भारत में रोजगार और बेरोजगारी की स्थिति को मापने के लिए 2017 से आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) का संचालन कर रहा है। पीएलएफएस वार्षिक रिपोर्ट 2022-23 के अनुसार, जुलाई 2022-जून 2023 के दौरान के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पुरुष और महिला के लिए बेरोजगारी की राज्यवार दर का विवरण अनुबंध-I में दिया गया है।

(ख) और (ग): पीएलएफएस वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2017-18 से 2022-23 की अवधि के दौरान ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए सामान्य स्थिति पर अनुमानित बेरोजगारी दर (यूआर) अनुबंध-II में दी गई है। इसके अतिरिक्त, पीएलएफएस के अंतर्गत संगठित और असंगठित क्षेत्रवार बेरोजगारी की दर का अनुमान नहीं लगाया जाता है।

भारत सरकार ने आत्मनिर्भर भारत पैकेज, आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना (एबीआरवाई), प्रधान मंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि योजना), प्रधान मंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई), प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई), पीएम गतिशक्ति, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (एमजीएनआरईजीएस), पंडित दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई), दीन दयाल अंतोदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डीएवाई-एनयूएलएम), राष्ट्रीय प्रशिक्षुता संवर्धन योजना (एनएपीएस), प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई), जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस) योजना, शिल्पकार प्रशिक्षण योजना (सीटीएस) जैसी विभिन्न पहल करते हुए देश में ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में रोजगार का सृजन करने के लिए कई कदम उठाए हैं और विभिन्न प्रमुख कार्यक्रम जैसे मेक इन इंडिया, स्टार्ट-अप इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया, डिजिटल इंडिया, हाउसिंग फॉर ऑल आदि रोजगार अवसर का सृजन करने की दिशा में लक्षित हैं। इन सभी पहलों से सामूहिक रूप से गुणक-प्रभाव के मध्यम से लंबी अवधि में रोजगार का सृजन अपेक्षित है।

******

अनुबंध ।

05.02.2024 के राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 309 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के लिए साधारण स्थिति (पीएस+एसएस)केअनुसार बेरोजगारी दर (यूआर)(प्रतिशत में)

आयु समूह 15 :साल और ऊपर

राज्यसंघ/ राज्य क्षेत्र	ग्रामीण			शहरी			ग्रामीण + शहरी		
	पुरुष	महिला	व्यक्ति	पुरुष	महिला	व्यक्ति	पुरुष	महिला	व्यक्ति
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)
आंध्र प्रदेश	3.5	3.0	3.3	6.0	7.5	6.5	4.2	4.0	4.1
अरूणाचल प्रदेश	4.5	3.1	3.9	7.9	16.9	10.9	5.0	4.5	4.8
असम	1.2	2.7	1.5	3.6	12.7	6.1	1.3	3.4	1.7
बिहार	4.4	1.1	3.6	7.4	9.8	7.7	4.6	1.6	3.9
छत्तीसगढ	1.9	0.9	1.4	6.8	10.2	7.8	2.8	2.0	2.4
दिल्ली	10.7	0.0	10.2	1.6	2.2	1.7	1.8	2.2	1.9
गोवा	8.7	17.7	11.3	7.1	12.7	8.7	7.7	14.7	9.7
गुजरात	1.9	0.6	1.4	1.9	3.4	2.2	1.9	1.3	1.7
हरियाणा	6.6	3.0	5.8	6.1	8.3	6.5	6.4	4.7	6.1
हिमाचल प्रदेश	3.3	3.8	3.5	5.1	29.9	14.1	3.4	5.3	4.3
झारखंड	1.5	0.1	0.9	6.2	6.6	6.3	2.3	0.6	1.7
कर्नाटक	1.7	1.3	1.5	3.8	5.1	4.2	2.5	2.4	2.4
केरल	4.7	9.2	6.5	4.8	12.9	7.6	4.8	10.7	7.0
मध्य प्रदेश	0.9	0.5	0.8	4.5	5.8	4.8	1.8	1.2	1.6
महाराष्ट्र	3.1	0.7	2.2	4.0	6.2	4.6	3.5	2.3	3.1
मणिपुर	4.3	4.9	4.5	6.2	3.6	5.3	4.8	4.5	4.7
मेघालय	3.5	6.7	5.0	8.2	18.0	12.3	4.3	8.2	6.0
मिजोरम	1.0	1.5	1.2	2.6	4.9	3.5	1.7	3.0	2.2
नागालैंड	3.6	2.0	2.9	8.5	8.7	8.6	4.9	3.5	4.3
ओडिशा	4.5	2.0	3.6	6.0	6.8	6.2	4.7	2.4	3.9
पंजाब	5.3	8.7	6.2	5.1	8.8	6.0	5.2	8.7	6.1
राजस्थान	4.6	1.7	3.4	7.7	11.3	8.5	5.4	2.9	4.4
सिक्किम	1.4	3.1	2.2	1.7	3.9	2.2	1.5	3.1	2.2
तमिलनाडु	4.0	3.7	3.8	4.3	7.0	5.1	4.1	4.7	4.3
तेलंगाना	3.3	2.1	2.8	7.1	9.6	7.8	4.7	3.8	4.4
त्रिपुरा	1.3	0.6	1.1	2.6	3.8	3.0	1.5	1.1	1.4
उत्तराखंड	4.1	3.5	3.9	5.8	10.2	6.6	4.6	4.2	4.5

उत्तर प्रदेश	1.8	0.9	1.5	5.8	10.6	6.5	2.6	1.8	2.4
पश्चिम बंगाल	1.7	1.1	1.5	3.5	4.8	3.8	2.2	2.0	2.2
अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह	2.3	13.9	6.6	6.3	28.1	14.0	4.0	19.8	9.7
चंडीगढ़	0.7	10.7	3.2	4.5	2.4	4.0	4.3	2.9	4.0
दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव	3.1	6.0	4.1	0.5	5.6	1.4	1.4	5.9	2.5
जम्मू और कश्मीर	2.4	4.7	3.4	5.5	23.5	10.2	3.0	6.5	4.4
लद्दाख	6.0	5.4	5.7	8.8	14.7	10.8	6.3	6.0	6.1
लक्षद्वीप	3.0	20.9	5.6	12.6	13.3	12.8	10.0	14.4	11.1
पुदुचेरी	6.6	4.7	5.9	4.7	7.0	5.4	5.5	5.8	5.6
अखिल भारत	**2.7**	**1.8**	**2.4**	**4.7**	**7.5**	**5.4**	**3.3**	**2.9**	**3.2**

अनुबंध II

पीएलएफएस (2017-18), पीएलएफएस (2018-19), पीएलएफएस (2019-20), पीएलएफएस (2020-21), पीएलएफएस (2021-22) और पीएलएफएस (2022-23)से अनुमानित सामान्य स्थिति (पीएस+एसएस) में बेरोजगारी दर (प्रतिशत में)			
साल	**ग्रामीण**	**शहरी**	**कुल**
पीएलएफएस 2022-23	2.4	5.4	3.2
पीएलएफएस 2021-22	3.2	6.3	4.1
पीएलएफएस 2020-21	3.3	6.7	4.2
पीएलएफएस 2019-20	3.9	6.9	4.8
पीएलएफएस 2018-19	5.0	7.6	5.8
पीएलएफएस 2017-18	5.3	7.7	6.0